(ख) इस संबंध में अब तक कौन-कौन से कार्य पूरे हो चुके हैं और कौन-कौन से कार्य अभी पूरे किए जाने हैं, और

(ग) उपर्युक्त कार्य को कब तक पूरा कर लिया जाएगा ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) से (ग) इस समय दो राष्ट्रीय जलमार्ग हैं। वर्ष 1990-91 के दौरान राष्ट्रीय जलमार्ग (गंगा-भागीरथी-हुगली के इलाहाबाद-हल्दिया खंड) में 1.5 मीटर गहरे और 45 मीटर चौड़े नौचालन चैनल के नौचालन के लिये हल्दिया बलिया खंड में व्यवस्था की गई थी और कार्गो को उतारने/चढ़ाने के लिये भागलपुर, मुंगेर और पटना में टर्मिनल सुविधाओं को बनाए रखा गया। ब्रह्मपुत्र में धुबरी-गामड़ी खंड में 2 मीटर गहरे और 45 मीटर चौड़े नौचालन चैनल की व्यवस्था की गई। ये नौचालन चैनल दिन के समय नौचालन के लिये मार्क किए गए थे।

पटना में एक सामान्य कार्गो बर्थ के निर्माण की एक स्कीम 4.90 करोड़ रु० की अनुमानित लागत से सितम्बर, 1991 में स्वीकृत की गई थी। इस स्कीम को तीन वर्ष की अवधि में पूरा करने की योजना है।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग

352. श्री ईश दत्त यादव : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, रख-रखाव और मरम्मत कार्य पर राजमार्ग-वार कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई है, और

(ख) आगामी वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव की राष्ट्रीय राजमार्ग वार क्या-क्या योजनाएं हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश म राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण/मरम्मत पर किये गये खर्च के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

	1990-91	1991-92 (2/92 तक)
	(लाख रु०)	(लाख रु०)
1. विकास	6,516.36	5,086.11
2. अनुरक्षण और मरम्मत	1,142.82	1,169.01

(ख) चूंकि आठवीं पंचवर्षीय योजना और 1992–93 के वार्षिक कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप दिया जाना है, अतः आगामी वर्ष में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास की स्कीमें बता पाना अभी संभव नहीं है।

विज्ञापनों पर व्यय

353. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने 1991–92 के दौरान विज्ञापनों पर कितना धन व्यय किया है, और

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान समाचार-पत्रों को भाषावार, कितनी-कितनी रकम के विज्ञापन दिये गये ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Revival and Modernisation of Shipyards

354. SHRI GHUFRAN AZAM : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether Government propose to revive and modernise the Hindustan Shipyard limited and Cochin Shipyard Limited;